# इतनी करदे कृपा श्याम सुन्दर | By Mukesh Bagda |

इतनी करदे कृपा श्याम सुन्दर,तेरे चरणों मे जीवन बिताएँ ।
हम रहे इस जगत मे कही भी,तेरी चौखट को ना भूल पाएं।।

इतने कमजोर हम है कन्हैया,जोर कुछ भी चले ना हमारा,
ऐसी हालत मे इतना तो सोचो,हमको कैसे मिलेगा किनारा,
करदे ऐसा जतन श्याम प्यारे,तेरी किरपा का वरदान पाएं।।
हम रहे इस जगत मे कही भी,तेरी चौखट को ना भूल पाएं।।

अपनी नजरो से प्रभु ना गिराना, नेक राहों पे हमको चलाना,
दीनबंधु दया का खजाना,बेबसो पे हमेशा लुटाना,
हम तो जैसे भी है,है तुम्हारे,आज दरपे खड़े सर झुकाए।।
हम रहे इस जगत मे कही भी,तेरी चौखट को ना भूल पाएं।।

प्रेम बन्धन मे यूँ हमको बांधो, डोर बन्धन की टूटे कभी ना,
अपनी पायल का घुंघरू बना लो,दास चरणों से छुटे कभी ना,
अपने चरणों से ऐसे लगालो,तेरे चरणों का गुणगान गाएं।।
हम रहे इस जगत मे कही भी,तेरी चौखट को ना भूल पाएं।।

श्याम दरबार तेरा निराला,तुमने दीनो को हरपल सम्हाला,
अपनी किरपा से हमको नवाजो,हमने दर पे तेरे डेरा डाला,
“नन्दू” भक्तो के रक्षक कन्हैया,अपने भक्तो को जीवन सजाए।।
हम रहे इस जगत मे कही भी,तेरी चौखट को ना भूल पाएं।।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%87%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a5%8d/